## राजभाषा विभाग

### आर्थिक/बैंकिंग/वित्तीय विषयों पर हिन्दी में मौलिक पुस्तक लेखन योजना : 2024-25 – नामांकन आमंत्रित करना

अर्थशास्त्र/बैंकिंग/वित्तीय विषयों में मूल व उत्कृष्ट लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 'आर्थिक/बैंकिंग/वित्तीय विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन योजना' की प्रारंभ की गई है। इस योजना के लिए नामांकन / प्रविष्टियाँ आमंत्रित करने के मानदंड इस प्रकार हैं:-

1) **पात्रता**:

(क) भारतीय विश्वविद्यालयों (यूजीसी मान्यता प्राप्त) के कार्यरत/सेवानिवृत्त प्रोफेसर (सहायक और एसोशिएट, आदि सहित), जिन्होंने आर्थिक/बैंकिंग/वित्तीय विषयों पर मूल रूप से हिन्दी में न्यूनतम 200 पृष्ठों की कम से कम एक पुस्तक लिखी हो, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

(ख) उपर्युक्त (क) में शामिल विषयों पर लिखी गई पुस्तक 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच प्रकाशित होनी चाहिए तभी उस पर पुरस्कार हेतु विचार किया जाएगा।

(ग) लगातार 2 वर्षों तक पुरस्कृत लेखक को तीसरे वर्ष कूलिंग पीरियड में रखा जाएगा। चौथे वर्ष पुनः वह योजना में भाग लेने के लिए पात्र होगा।

2) **मूल्यांकन समिति**:

(क) विश्वविद्यालयों में कार्यरत अर्थशास्त्र/बैंकिंग/वित्तीय विषयों के 2 (दो) प्रोफेसर और हिन्दी साहित्य/भाषा विज्ञान के 1 (एक) प्रोफेसर; इनमें वरिष्ठतम प्रोफेसर समिति के अध्यक्ष होंगे।

(ख) भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, राजभाषा विभाग के महाप्रबंधक समिति के सदस्य-सचिव होंगे।

(ग) भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, राजभाषा विभाग समिति के लिए सचिवालय का काम करेगा।

3) **मूल्यांकन विधि**:

(क) आवेदकों से विचारार्थ प्राप्त पुस्तक/(कें) अध्यक्ष सहित समिति के सभी सदस्यों को प्रेषित की जाएंगी।

(ख) अर्थशास्त्र/बैंकिंग/वित्तीय क्षेत्र के प्रोफेसर इसकी विषय-वस्तु की जांच करेंगे और हिन्दी साहित्य/भाषा विज्ञान के प्रोफेसर इसकी भाषा-शैली की जांच करेंगे।

(ग) विषय वस्तु पर 60% और भाषा शैली पर 40% वेटेज़ होगा।

4) **पुरस्कारों की संख्या**: अधिकतम 3 (तीन)।

5) **पुरस्कार राशि**: प्रत्येक पुरस्कार – ₹1,25,000.00 (रुपये एक लाख पच्चीस हजार मात्र) का होगा।

इस योजना में भाग लेने के इच्छुक सभी प्रोफेसरों से अनुरोध है कि वे अपना **नामांकन निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में प्रत्येक पुस्तक की 5 प्रति के साथ** हमें **30 जून 2025 तक** भिजवाने की व्यवस्था करें। देरी से प्राप्त/अधूरी प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी। पुरस्कार के संबंध में लिया गया निर्णय बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर अपलोड किया जाएगा तथा विजेताओं को व्यक्तिगत रूप से भी सूचित किया जाएगा। इस संबंध में आवेदकों से और कोई सीधा पत्राचार नहीं किया जाएगा।

मुख्य महाप्रबंधक/**Chief General Manager**
भारतीय रिज़र्व बैंक/ Reserve Bank of India
राजभाषा विभाग, केंद्रीय कार्यालय/Rajbhasha Department, Central Office
सी-9, आठवीं मंजिल, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स /C-9, 8th Floor, Bandra Kurla Complex
मुंबई - 51/Mumbai - 51

विषय: आर्थिक/बैंकिंग/वित्तीय विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए दिए जाने वाले पुरस्कार हेतु विचारार्थ आवेदन

Subject: Application for consideration under scheme for writing books originally in Hindi on Economics/Banking/Financial subjects for the year 2024-25

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम व पदनाम<br>Name and Designation | |
| 2. | विभाग व यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का नाम<br>Name of Department & UGC recognized University | |
| 3. | आवेदक का पूरा डाक पता<br>Full mailing address of the applicant | |
| 4. | मोबाइल, दूरभाष संख्या व ई-मेल<br>Mobile, Phone & Email | |
| 5. | पुस्तक का नाम<br>Name of Book | |
| 6. | पुस्तक का विषय<br>Subject of Book | |
| 7. | पुस्तक की कुल पृष्ठ संख्या<br>Total number of pages of book | |
| 8. | प्रकाशन माह व वर्ष<br>Publication Month & Year | |
| 9. | प्रकाशक का नाम व पूरा पता तथा संपर्क सूत्र<br>Name of Publisher, full address and contact details | |
| 10. | विचाराधीन पुस्तक को अगर कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त हुआ है तो उसका विवरण दें।<br>Details of any other prize awarded to the book under consideration, if any. | |
| 11. | पूर्व में प्रकाशित पुस्तक/कों का विवरण (यदि कोई हो तो)<br>Details of previous book/s published (If any) | |
| 12. | अन्य कोई जानकारी<br>Any other information | |

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि उक्त पुस्तक मेरी हिंदी में मौलिक रचना है, किसी पुस्तक का अनुवाद नहीं है और यह कॉपीराइट एक्ट (यथा संशोधित), 1997 के तहत किसी अन्य लेखक के कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं करती है। मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है।

I hereby certify that this book has been originally written by me in Hindi and not a translated version of any book and under copyright act (as amended), 1997 does not violate copyrights of any writer. I also hereby certify that the above information furnished by me is correct as per my knowledge and belief.

दिनांक/Date: (लेखक/लेखिका का हस्ताक्षर)
स्थान/Place: (Signature of the writer)